# 022HIN041 – S – 22 – 5146

SECOND SEMESTER B.COM./B.B.A./B.COM.(CS) (NEP) DEGREE EXAMINATION, AUGUST/SEPTEMBER 2022

**HINDI (AECC)**

**Text Book : 1) काव्य–कुंज**

**2) वाणिज्य पत्राचार**

Time : 2 Hours] [Max. Marks : 60

A. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(5×2=10)**

1) काव्यकुंज के प्रकाशन और संपादकों का नाम बताइए ।

2) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी का बचपन का नाम क्या था और उनका जन्म कहाँ हुआ ?

3) 'नीर भरी दुख की बदली' किसकी कविता है और उनका जन्म कब हुआ ?

4) 'मधुशाला' किसकी कविता है और उनका जन्म कहाँ हुआ ?

5) 'दिनकर' जी का पूरा नाम क्या है और उनका जन्म कब हुआ ?

6) 'यह दीप अकेला' किसकी कविता है और उनका जन्म कब हुआ ?

B. किन्हीं **चार** प्रश्नों के संदर्भ सहित व्याख्या तथा लघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **(4×5=20)**

7) ''मैं ही अपना स्वप्न–मृदुल–कर

फेरूंगा निद्रित कलियों पर

जगा एक प्रत्यूष मनोहर''

**अथवा**

SSNC Dr. B. R. AMBEDKAR SMARAK COLLEGE ★ HUBLI-20

[P.T.O.

''कल्पना का ही अपार समुद्र यह,
गरजता है घेरकर तनु, रुद्र यह,
कुछ नहीं आता समझ में
कहाँ है श्यामल किनारा ।''

8) ''मेरा पग-पग संगीत भरा,
श्वासों में स्वप्न पराग झरा,
नभ के नव रंग बुनते दुकूल,
छाया में मलय बयार पली ।''

**अथवा**

''पथ को न मलिन करता आना,
पद चिन्ह न दे जाता जाना,
सुधि मेरे आगम की जग में,
सुख की सिहरन बन अंत खिली !''

9) ''मुख में जीभ शक्ति भूजा में जीवन में सुख का नाम नहीं है
वसन कहाँ ? सूखी रोटी भी मिलती दोनों शाम नहीं है ''

**अथवा**

''दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद
धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद
चमक उठी घर भर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद ।''

10) 'हरिवंशराय बच्चन' जी का परिचय दीजिए ।

11) 'नीर भरी दुख की बदली' कविता द्वारा स्त्री जीवन की सच्चाई एवं सार्थकता पर चर्चा कीजिए ।

C. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(3×10=30)**

12) 'गहन है यह अंधकार' कविता का सारांश लिखिए ।

13) 'हमारे कृषक' कविता के माध्यम से कवि भारतीय किसान के यथार्थ चित्रण प्रस्तुत किया है, स्पष्ट कीजिए ।

14) 'कालिदास' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

15) किसी **एक** विषय पर वाणिज्य पत्र लिखिए :

अ) किताब मंगवाते हुए सरस्वति भंडार, नई दिल्ली को एक आवेदन पत्र लिखिए ।

आ) कपडे की एजेन्सी मांगते हुए बिन्नी मिल्स, मद्रास को एक आदेश पत्र लिखिए ।

इ) खराब माल के लिए नवभारत बुक डीपो, मंगलूर को एक शिकायती पत्र लिखिए ।

---